## खबर संक्षेप

### अवैध शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** स्वेट कमांडो टीम-1 व डॉग स्क्वायड की टीम द्वारा गांव पीरांवाली में सघन चैकिंग अभियान चलाया। चैकिंग के दौरान गांव पीरांवाली क्षेत्र में संदिग्ध वाहनों व घरो की तलाशी ली जा रही थी। इसी दौरान आरोपी रणजीत सिंह निवासी पीरांवाली के मकान से 16 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर आरोपी रणजीत को मौके पर गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच जारी है।

### छात्राओं को गुड टच व बैड टच के प्रति किया जागरूक

**हिसार।** राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल डाबड़ा में महिला समर्पित टीम द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल में उपस्थित छात्राओं को गुड टच एवं बैड टच के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। महिला पुलिस कर्मचारियों ने छात्राओं को बताया कि कौन-सा व्यवहार सुरक्षित होता है और कौन-सा असुरक्षित। साथ ही उन्हें किसी भी प्रकार की असहज स्थिति में तुरंत अपने अभिभावकों, अध्यापकों अथवा पुलिस को सूचित करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नंबर, साइबर सुरक्षा एवं आत्मरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई।

### विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**नारनौंद।** सामुदायिक पुलिसिंग टीम तथा ट्रैफिक पुलिस द्वारा पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लोहारी राघो में रोड सेफ्टी अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों की विस्तृत जानकारी देते हुए ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस टीम ने छात्रों को हेलमेट एवं सीट बेल्ट के महत्व, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग ना करने, तेज गति से वाहन ना चलाने तथा यातायात संकेतों का पालन करने बारे जागरूक किया। विद्यार्थियों को बताया गया कि सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी गंभीर दुर्घटनाओं का कारण बन सकती है।

### डीपीएस के ईशांत का जिला अंडर-19 टीम में चयन

**हिसार।** दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रतिभाशाली छात्र ईशांत ने क्रिकेट जगत में शानदार उपलब्धि हासिल कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। हिसार जिला अंडर-19 क्रिकेट ट्रायल्स में लगभग 200 खिलाड़ियों ने भाग लिया जिनमें से ईशांत का चयन जिला स्तरीय टीम के लिए किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्या मंजु सुधाकर व निदेशक निहाल सिंह ने कहा कि ईशांत की यह उपलब्धि उनकी मेहनत, समर्पण एवं निरंतर अभ्यास का परिणाम है।

### अभिभावकों के लिए चलाया जागरूकता कार्यक्रम

**हांसी।** स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग द्वारा किशोरियों के स्वास्थ्य संरक्षण एवं जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मंगलवार को राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में विशेष एचपीवी टीकाकरण जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हांसी प्रथम ब्लॉक के साइंस अध्यापकों ने भाग लिया तथा किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन के महत्व और इसके लाभों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। बैठक में सीएमजीजीए प्रतीक्षा सांगवान, खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार, प्रिंसिपल राजेश कुमार, प्रिंसिपल पूर्णिमा गुप्ता सहित अनेक अधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित रहे। एचपीवी वैक्सीन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

### बच्चों ने ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जीते पदक

**हिसार।** केएल आर्य डीएवी स्कूल में आयोजित इंटर स्कूल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में यूरो पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक और प्रमाण पत्र अपने नाम किए। प्रतियोगिता में स्कूल के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के बाद विजेता विद्यार्थियों को स्कूल की प्रिंसिपल अनीता मलिक एवं स्पोर्ट्स कोच ने उनकी सफलता पर बधाई दी।

# एसपी ने बास थाने का किया निरीक्षण

## रिकॉर्ड व्यवस्था, मालखाना, बैरक व साफ-सफाई का लिया जायजा, किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद

पुलिस व्यवस्था को अधिक सुदृढ़, पारदर्शी एवं अनुशासित बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने बास थाने का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर की समस्त व्यवस्थाओं का गहनता से अवलोकन करते हुए रिकॉर्ड संधारण, सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई तथा पुलिस कर्मचारियों के कार्य वातावरण का बारीकी से निरीक्षण किया। पौधरोपण कर उन्होंने पर्यावरण का संदेश देते हुए कहा कि हमें धरती पर ज्यादा पेड़ लगाने चहिए। निरीक्षण के दौरान एसपी विनोद कुमार ने थाना में रखे विभिन्न महत्वपूर्ण रजिस्टरों की जांच करते हुए रोज़नामचा रजिस्टर, एफआईआर रजिस्टर, शिकायत रजिस्टर, हिस्ट्रीशीटर रजिस्टर, समन एवं वारंट रजिस्टर, गुमशुदगी रजिस्टर, बीट रजिस्टर, वाहन जब्ती रजिस्टर, हवालात रजिस्टर, मालखाना रजिस्टर तथा सीसीटीएनएस रिकॉर्ड का विस्तारपूर्वक निरीक्षण किया। उन्होंने रिकॉर्ड को अद्यतन एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश देते हुए लंबित मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। इस अवसर पर डीएसपी रविंद्र सांगवान, निरीक्षक पवित्र कुमार थाना प्रभारी बलवान सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



नारनौंद। बास थाने का निरीक्षण करते हुए पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार।

**दिए जरूरी निर्देश**

पुलिस अधीक्षक ने मालखाना में जमा केस प्रॉपर्टी की सुरक्षा एवं रख-रखाव व्यवस्था की भी बारीकी से जांच की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने आर मोरी, जवानों की बैरक, मेस, शौचालयों एवं थाना परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए स्वच्छ एवं व्यवस्थित वातावरण बनाए रखने पर जोर दिया।

### गुरप्रीत कौर सैनी को मिला राष्ट्रीय मंत्री का कार्यभार



गुरप्रीत कौर सैनी।

**हिसार।** भारत तिब्बत समन्वय संघ ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी और प्रांत कार्यकारिणी में कुछ फेरबदल किए, जिसमें शहर की जानी-मानी पंजाबी लेखिका व स्टेट अवार्डी गुरप्रीत कौर सैनी को संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राष्ट्रीय मंत्री (महिला विंग) का कार्यभार दिया गया है। गुरप्रीत कौर सैनी को नए दायित्व एवं पदोन्नति के लिए शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए कार्यकर्ताओं ने उम्मीद जताई कि हमें पूरा विश्वास है कि कैलाश मानसरोवर की मुक्ति अभियान में महिला विभाग जिस तरह से निरंतर आगे बढ़ रहा है, वह दिन दूर नहीं जब हरियाणा की महिलाएं कैलाश मानसरोवर पर अपना परचम फहराएंगी, इनके सानिध्य और मार्गदर्शन में भारत तिब्बत समन्वय संघ में हरियाणा प्रांत नए आयाम स्थापित करेगा।



आदमपुर। रेलवे स्टेशन के सामने रास्ता छोड़ने की मांग को लेकर धरना देते लोग।

## विधायक चंद्रप्रकाश ने दिया धरने को समर्थन

- रेलवे से रास्ता देने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना 8वें दिन में प्रवेश

**आदमपुर।** आदमपुर में रेलवे विभाग द्वारा जवाहर नगर की साइड में बनाई जा रही दीवार को लेकर रास्ता बंद होने के चलते परेशानी को देखते हुए देखते हुए रास्ता छोड़ने की मांग को लेकर जवाहर नगर के लोगों जन प्रतिनिधियों प्रतिनिधियों द्वारा आठ आठवें दिन भी दिन भी धरना जारी रहा। मंगलवार को आदमपुर के विधायक चंद्रप्रकाश धरने का समर्थन करने पर पहुंचे तथा उन्होंने उपस्थित लोगों को आश्वासन दिया इस बारे में जिलाधिकारी से बातचीत करेंगे तथा रेलवे विभाग को भी पत्र लिखेंगे ताकि जवाहर नगर के लोगों को परेशानी न होने पाए। जिला परिषद वीर सिंह राहड़, सरपंच कुलदीप ज्यानी, जगदीश भादू, सुभाष, हैप्पी चोपड़ा आदि ने बताया कि इस दीवार के बनने से जवाहर नगर के लोगों के सामने बड़ी समस्या आएगी।

# घर के नजदीक होगा समस्याओं का समाधानः डीसी नरवाल

- समस्याओं के समाधान के लिए अब नारनौंद जाने की आवश्यकता नहीं, बास व उपतहसील खेड़ी जालब में भी लगेंगे समाधान शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से हांसी जिले के नारनौंद उपमंडल की तहसील बास तथा उपतहसील खेड़ी जालब में भी समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इससे क्षेत्र के लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए नारनौंद नहीं जाना पड़ेगा, बल्कि उनके घर-द्वार के नजदीकी क्षेत्र में ही शिकायतों का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। डीसी राहुल नरवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार की योजना जनहित के अनुरूप आमजन को सरल, सुगम एवं पारदर्शी प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध करवाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नागरिकों की शिकायतों के समाधान में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा अधिकारियों को लंबित मामलों पर तुरंत प्रभाव से कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि आमजन को समयबद्ध राहत मिल सके। उन्होंने बताया कि प्रत्येक सोमवार एवं वीरवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

**शिकायतों को गंभीरता से लें अधिकारी**

उपायुक्त ने सभी विभागाध्यक्षों एवं अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने-अपने विभागों से संबंधित शिकायतों का गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ निपटारा करें। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनकर उनका प्रभावी, पारदर्शी एवं संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए।

### शान्ति निकेतन स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शानदार



रचना



अर्पिता।

**हिसार।** एमसी कॉलोनी स्थित शान्ति निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल का दसवीं व 12वीं कक्षा का हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। दसवीं में रचना 423/500 अंक लेकर बोर्ड मेरिट में स्थान प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान पर रही। वहीं अमन कुमार तथा रमित क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार 12वीं कक्षा में अर्पिता 376/500 अंक लेकर बोर्ड मेरिट में स्थान प्राप्त कर स्कूल में प्रथम रही। इस अवसर पर शान्ति निकेतन विद्यापीठ की चेयरपर्सन सरोज, वाइस चेयरमैन इंजीनियर साहिल दलाल, मेजर धर्मेश दलाल, गुलशन सेहरा ने स्कूल प्रबंधक, अध्यापकों, विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को बधाई दी। स्कूल की अध्यापिका सोनिका, नूपुर, सुनीता अनीता, मोनिका, वंदना शर्मा, पारुल, निशु, बाला, संगीता, शिक्षा आदि ने भी परीक्षा में अव्वल आए छात्रों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## साइबर क्राइम पुलिस ने ठगी के शिकार लोगों के ठगे गए पैसे वापस दिलवाए

- अलग-अलग ठगी के शिकार हुए थे कई लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

साइबर क्राइम पुलिस ने साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में सफलता हासिल की है। पुलिस की कार्रवाई के चलते एक पीड़ति व्यक्ति के साइबर ठगी में गंवाए हुए पैसे वापस मिल गए हैं। थाना साइबर क्राइम प्रभारी सतेन्द्र के नेतृत्व में उप-निरीक्षक सुरेंद्र ने एक साइबर धोखाधड़ी की प्रवीण निवासी धांसू की शिकायत पर तत्परता से काम किया। पीड़ित के साथ 9600 रुपये की साइबर ठगी हुई थी। पुलिस टीम ने मामले की जांच की और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर तकनीकी अनुसंधान और बैंक अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर ठगी गई राशि को ट्रैक किया। नियमों के अनुसार आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए पुलिस ने प्रवीण के 9600 रुपये उनके बैंक खाते में रिफंड करवा दिए हैं। उधर, साइबर क्राइम पुलिस ने साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई के चलते एक पीड़ति व्यक्ति के साइबर ठगी में गंवाए हुए पैसे वापस मिल गए हैं। थाना साइबर क्राइम प्रभारी सतेन्द्र के नेतृत्व में सहायक उप-निरीक्षक प्रदीप ने एक साइबर धोखाधड़ी की शिकायत पर तत्परता से काम किया। पीड़ित के साथ 31000 रुपये की साइबर ठगी हुई थी। पुलिस टीम ने मामले की गहराई से जांच की और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर तकनीकी अनुसंधान और बैंक अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर ठगी गई राशि को ट्रैक किया। नियमों के अनुसार आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए, पुलिस ने पीड़ति के 31000 रुपये उनके बैंक खाते में वापस करवा दिए हैं।

### सीसर के सरकारी स्कूल में मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

**नारनौंद।** राजकीय उच्च विद्यालय सीसर खरबला में दसवीं कक्षा का शानदार परिणाम आने पर हर्ष उत्सव मनाया गया। स्कूल के प्रिंसिपल बजरंग की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय में मुख्य अतिथि के रूप में सीसर के सरपंच प्रतिनिधि रामनिवास पहलवान, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य, गांव से आए हुए गणमान्य व्यक्ति पहुंचे। जिन्होंने दसवीं कक्षा में टॉपर विद्यार्थियों को मेडल और मालाएं डालकर सम्मानित किया। छात्र सागर ने 475 अंक लेकर पहला स्थान प्राप्त किया। आशीष ने 455 अंक लेकर दूसरा, सुमित कुमार ने 452 अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। लक्ष्य ने 451अंक लेकर चौथा स्थान प्राप्त किया। अमन ने 443 अंक प्राप्त किए। इस उपलक्ष्य में गांव में सरकारी स्कूलों के प्रचार के लिए रैली निकाली गई और और संदेश दिया गया कि सरकारी विद्यालय पढ़ाई के मामले में पीछे नहीं है।

# चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी यूनियन के प्रधान बने रविंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा राज्य चतुर्थ श्रेणी सरकारी कर्मचारी यूनियन रजि. नंबर 492 स्वास्थ्य विभाग शाखा, सामान्य अस्पताल हिसार का त्रि-वार्षिक प्रतिनिधि सम्मेलन मंगलवार को सिविल सर्जन कार्यालय के पास स्थित पार्क में आयोजित किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता प्रधान अजमेर ने की। इस दौरान पिछले कार्यकाल की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई तथा कर्मचारियों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। सम्मेलन में जिला सचिव दीपक खत्री और वरिष्ठ उपप्रधान रामफल शिकारपुर की देखरेख में वर्ष 2026-2029 के लिए नई 9 सदस्यीय कमेटी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। इसमें रविन्द्र को प्रधान, सुनीता वरिष्ठ उपप्रधान, सचिन व सुनील उपप्रधान, श्लोचना सचिव, संदीप कोषाध्यक्ष, ममता सहसचिव, पंकज प्रेस सचिव व नरेश ऑडिटर चुने गए। जिला सचिव दीपक खत्री ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।



हिसार। स्वास्थ्य विभाग चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी यूनियन नवनिर्वाचित पदाधिकारी पद व गोपनीयता की शपथ लेते हुए।



हांसी। गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय में शैक्षणिक भ्रमण के दौरान प्रिंटिंग विभाग का अवलोकन करते विद्यार्थी। *फोटोः हरिभूमि*

## श्री काली देवी विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने किया भ्रमण

- शैक्षणिक भ्रमण ने विद्यार्थियों को करियर संभावनाओं और व्यावहारिक शिक्षा से कराया परिचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

विद्यार्थियों के शैक्षणिक ज्ञान को व्यावहारिक अनुभव से जोड़ने और उन्हें विभिन्न क्षेत्रों की कार्यप्रणाली से अवगत कराने के उद्देश्य से श्री काली देवी विद्या मंदिर द्वारा सोमवार को कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों के लिए गुरु जंभेश्वर यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के प्रिंटिंग विभाग का अवलोकन किया, जहां उन्हें आधुनिक मुद्रण तकनीकों, अत्याधुनिक मशीनों तथा प्रकाशन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। विभाग के विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को प्रिंटिंग एवं प्रकाशन क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार के अवसरों, तकनीकी विकास और भविष्य की संभावनाओं से भी अवगत कराया। इस दौरान विद्यार्थियों ने आधुनिक तकनीकों को करीब से समझा और करियर संबंधी नई प्रेरणा प्राप्त की। विद्यालय प्राचार्या गीता मेहता ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण अत्यंत आवश्यक हैं। इससे विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ वास्तविक कार्यप्रणाली को समझने तथा विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों और संभावनाओं से परिचित होने का अवसर मिलता है।

### युवा वर्ग ने जताया सरकार के खिलाफ रोष : दलबीर

**हिसार।** इनेलो के प्रदेश सचिव दलबीर किरमारा ने कहा कि पंचकूला में पार्टी अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला के नेतृत्व में किए गए प्रदर्शन में भारी संख्या में पहुंचकर युवा वर्ग ने दर्शा दिया है कि वह मौजूदा सरकार की युवा विरोधी नीतियों से दुखी है। इनेलो के रूप में युवा वर्ग को एक उम्मीद दिखाई दे रही है और युवाओं ने प्रदर्शन में हिस्सा लेकर साबित कर दिया है कि इनेलो ही युवाओं सहित हर वर्ग के हितों की रक्षा कर सकती है। उन्होंने कहा कि अभय सिंह चौटाला द्वारा भर्ती का पूरा ब्यौरा रख देने के बावजूद राज्य के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इसे राजनीतिक स्टंट बता रहे हैं, जो अफसोसजनक है।

# प्रतियोगिता में कल्पना चावला सदन रहा विजेता

- आरपीएस सैनिक स्कूल में अंतर सदन नाट्य अभिनय प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं उनकी रचनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आरपीएस सैनिक स्कूल में शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों के अंतर्गत अंतर सदन श्रेष्ठ नाट्य अभिनय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 6 एवं 7 के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह, आत्मविश्वास और जोश के साथ भाग लेते हुए अपनी अभिनय कला का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने सामाजिक, नैतिक और प्रेरणादायक विषयों पर आधारित नाट्य प्रस्तुतियां दीं। प्रतिभागियों ने प्रभावशाली संवाद अदायगी, मंच संचालन और जीवंत अभिनय से उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति क्षमता, सहयोग भावना तथा नेतृत्व गुणों का विकास करना रहा। कड़े मुकाबले के बाद कल्पना चावला सदन ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि मदर टेरेसा सदन ने उपविजेता का स्थान प्राप्त किया। विजेता विद्यार्थियों को विद्यालय प्रशासन की ओर से सम्मानित किया गया।



हांसी। आरपीएस सैनिक स्कूल में आयोजित अंतर सदन श्रेष्ठ नाट्य अभिनय प्रतियोगिता में प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

**शुभकामनाएं दी**

विद्यालय प्रबंध निदेशक डॉ. संदीप देसवाल और प्रधानाचार्या एकता सचदेवा ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की व उन्होंने विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

**61 प्रतिभागियों ने आईआईआरएस एंड इसरो की ऑनलाइन परीक्षा की उत्तीर्ण**

# गुजवि ने इसरो स्टार्ट प्रोग्राम 2026 में हासिल की बड़ी सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के 61 विद्यार्थियों ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अंतर्गत भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान (आईआईआरएस), देहरादून द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित इसरो स्टार्ट (स्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी अवेयरनेस ट्रेनिंग) प्रोग्राम 2026 में प्रशिक्षण प्राप्त किया है। सफल प्रतिभागी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई से मिले। इस अवसर पर सिविल एंड इनवायर्नमेंटल इंजीनियरिंग विभाग की अध्यक्षा प्रो. आशा गुप्ता व आईआईआरएस एंड इसरो नोडल सेंटर के कोऑर्डिनेटर डॉ. नवदीप मोर उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि इस प्रकार के राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, अनुसंधान क्षमता एवं तकनीकी जागरूकता को बढ़ावा देते हैं तथा विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय स्तर पर शैक्षणिक पहचान को मजबूत करते हैं।



हिसार। सफल विद्यार्थियों को बधाई देते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

**इनका रहा सहयोग**

कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्युत एवं इलेक्ट्रॉनिक्स अभियांत्रिकी विभाग के डॉ. चरणजीत मदान, कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग के डॉ. पवन कुमार, जैव प्रौद्योगिकी विभाग की डॉ. नैन्तारा तथा फूड टेक्नोलॉजी विभाग की डॉ. नेहा ने भी सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

### कर्मचारी 25 को सीएम के नाम सौंपेंगे ज्ञापन

**हिसार।** ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन 681 संबंधित हरियाणा कर्मचारी महासंघ की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधीक्षक अभियंता परिमंडल हिसार पब्लिक हेल्थ के माध्यम से मुख्यमंत्री हरियाणा को कर्मचारियों की मांगों से संबंधित मांग पत्र देने बारे निर्णय हुआ। बैठक में प्रांतीय प्रधान नरेंद्र धीमान व प्रांतीय महासचिव मुख्य रूप से उपस्थित रहे।जिला कमेटी हिसार के प्रधान सतबीर सुरलिया ने जिले से सभी संबंधित ब्रांचों की जिला कमेटी को आमंत्रित किया कि आगामी 22 मई को 2 घंटे के शांतिपूर्वक प्रदर्शन के बाद कर्मचारियों की मांगों का मांग पत्र अधीक्षक अभियंता पब्लिक हेल्थ के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम सौंपा जाएगा।



## पशुपालन अतिरिक्त आय का एक सशक्त माध्यम : डॉ. प्रकाश

**हिसार।** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) के निदेशालय विस्तार शिक्षा द्वारा एक सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षण संयोजक डॉ. आनंद प्रकाश द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण में 36 किसानों, पशुपालकों, ग्रामीण युवाओं एवं महिलाओं ने भाग लेकर वैज्ञानिक डेयरी प्रबंधन से संबंधित व्यावसायिक एवं तकनीकी जानकारी प्राप्त की। प्रशिक्षण संयोजक डॉ. आनंद प्रकाश ने बताया कि वर्तमान समय में डेयरी व्यवसाय केवल पारंपरिक पशुपालन तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार, मूल्यवर्धन तथा अतिरिक्त आय का एक सशक्त माध्यम बनकर उभर रहा है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को उन्नत नस्ल चयन, संतुलित पशु आहार, खनिज मिश्रण का महत्व, हरे चारे का वैज्ञानिक उपयोग, पशु आवास प्रबंधन, दूध उत्पादन बढ़ाने की तकनीक, पशुओं में संक्रामक रोगों की रोकथाम, समय पर टीकाकरण तथा पशु स्वास्थ्य प्रबंधन से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

## 24-25 को प्रदेश के ग्रामीण सफाई कर्मचारी कैबिनेट मंत्री के आवास पर डालेंगे महापड़ाव

# झुलसा देने वाली गर्मी में सफाई कर्मियों ने उपायुक्त कार्यालय पर दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

सीटू से संबधित ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन की झुलसा देने वाली गर्मी में भी हड़ताल मंगलवार को भी जारी रही। लघु सचिवालय के बाहर धरने पर बैठे सफाई कर्मचारियों को संबोधित करते हुए यूनियन के नेताओं ने कहा कि हाईकोर्ट के आदेश आने के बाद भी सरकार ने ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की मांगों की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया है। ग्रामीण सफाई कर्मचारी लगातार आंदोलनरत रहे लेकिन आज तक सरकार ने वार्ता के लिए नहीं बुलाया है। इसके कारण ग्रामीण सफाई कर्मचारियों में सरकार के प्रति काफी रोष पनप रहा है। गुस्साए ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने चेताते हुए कहा कि जब तक सरकार ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की मांगों को पूरा नहीं करती है तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा। यूनियन के जिला सचिव राकेश कुमार ने बताया कि 24 व 25 मई को कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी के विधानसभा क्षेत्र नरवाना में दो दिवसीय राज्यव्यापी महापड़ाव किया जाएगा, जिसमें प्रदेश भर से हजारों ग्रामीण सफाई कर्मचारी शामिल होंगे।



हिसार। लघु सचिवालय गेट के सामने धरने पर बैठे ग्रामीण सफाई कर्मचारी।

### कर्मचारियों की प्रमुख मांगें

- कच्चे सफाई कर्मियों को एक कलम से पक्का किया जाए।
- 31 दिसंबर 2025 के उच्च न्यायालय के आदेश को लागू किया जाए।
- 400 की आबादी पर एक कर्मचारी की स्थाई भर्ती की जाए।
- वर्दी भत्ता, धुलाई भत्ता और औजारों के भत्ते में वृद्धि की जाए।
- एक्सग्रेसिया पॉलिसी लागू की जाए तथा मृतक कर्मचारी के परिजन को स्थाई नौकरी दी जाए।
- दुर्घटना में मौत होने पर 50 लाख मुआवजा राशि तथा साधारण मौत पर 20 लाख राशि दी जाए।
- सेवानिवृत्त पर एक मुश्त 10 लाख रुपए और ग्रेच्यूटी का लाभ दिया जाए।
- काम के औजार और वर्दी भत्ता,धुलाई भत्ता बढ़ाया जाए।

## जीएम के खिलाफ कर्मचारियों का धरना पांचवें दिन भी जारी, 25 को गेट बंद करने का ऐलान




**हिसार।** हरियाणा रोडवेज हिसार डिपो में महाप्रबंधक के खिलाफ कर्मचारियों का धरना मंगलवार को पांचवें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता अजय दुहन ने की तथा संचालन नरेंद्र खरड़ ने किया। धरने के दौरान सांझा संघर्ष समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें कर्मचारियों की लंबित मांगों पर चर्चा हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि यदि कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं किया गया तो 25 मई को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक डिपो का गेट बंद कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि महाप्रबंधक लंबित मांगों का समाधान करने की बजाय कर्मचारी नेताओं का उत्पीड़न कर रहे हैं, जिससे कर्मचारियों में भारी रोष है। कर्मचारियों ने आंदोलन को और तेज करने की बात कही ताकि उनकी जायज मांगों का जल्द समाधान हो सके। धरने को समर्थन देने राज्य स्तरीय पदाधिकारी कृष्ण रवीश भी पहुंचे। धरने में बजरंग लाखा, कर्मबीर मसूदपुर, मंजीत सोरखी, अरुण शर्मा, पवन कन्नोह, जितेंद्र शर्मा, अनूप श्योकंद, नरेंद्र खरड़, अमित जुगलान, दर्शन जांगड़ा, संदीप जैनावास, जोगेंद्र पंघाल, राजेश जांगड़ा, रमेश यादव, वीरेंद्र किरतान, रमेश प्रभुवाला, संदीप सैनी, सुल्तान वर्मा व इंद्र सिंह यादव सहित काफी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर का धरना-प्रदर्शन

**बरवाला।** अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन, खंड बरवाला द्वारा बीडीपीओ बरवाला के कार्यालय के प्रांगण में बलबीर सिंह व कैलाशो देवी की संयुक्त अध्यक्षता में अनेक मांगों को लेकर धरना व प्रदर्शन किया गया और बीडीपीओ को ज्ञापन सौपा गया। इस धरने प्रदर्शन को यूनियन के जिला सचिव रोहतास राजली, जिला प्रधान मियां सिंह बिठमड़ा और जिला संयुक्त सचिव मोहनलाल राजली ने संबोधित किया। इस मौके पर मजदूर नेता रोहतास राजली ने मजदूरों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून मनरेगा खत्म करके वी.बी.-ग्राम जी योजना लागू करके मनरेगा मजदूरों के साथ विश्वासघात किया है, जो किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप



### पीस पैलेस में 'ट्रेन द ट्रेनर्स' प्रशिक्षण कार्यशाला

**हिसार।** प्रजापिता ब्राह्माकुमारीज मुख्यालय, माउंट आबू द्वारा संचालित 'डिजिटल वेलनेस' अभियान के अंतर्गत बालसमंद रोड स्थित ब्रह्माकुमारीज हिसार के सेवा केंद्र पीस पैलेस में 'ट्रेन द ट्रेनर्स' की विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न हुई, जिसमें 100 से अधिक प्रशिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण में ब्रह्माकुमारीज से जुड़े अनेक मुख्य सेवादार भाई-बहनों ने भाग लिया। इसी अवसर पर सभी प्रतिभागियों को यह संकल्प दिलाया गया कि वे डिजिटल संसाधनों का सजगता, संतुलन एवं सकारात्मकता के साथ उपयोग करेंगे तथा उन्हें अपने जीवन का साधन बनाएंगे, न कि स्वयं उनके अधीन होंगे। प्रशिक्षण के अंतर्गत यह समझाया गया कि मोबाइल, लैपटॉप एवं अन्य डिजिटल साधन हमारे मन, बुद्धि तथा स्वास्थ्य पर किस प्रकार प्रभाव डालते हैं। प्रशिक्षण में डिजिटल साधनों की लत से मुक्त होने के लिए अनेक लाभकारी एवं व्यावहारिक विधियां भी बताई गईं।

### ईंधन संरक्षण और ऊर्जा बचत को लेकर उपायुक्त ने दिए निर्देश

**हांसी।** उपायुक्त राहुल नरवाल ने राजस्व, आपदा प्रबंधन एवं कंसोलिडेशन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव और वित्त आयुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा के आदेशों की अनुपालना में जिले के सभी अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं कि बुधवार को सभी बैठकों का आयोजन यथासंभव वर्चुअल माध्यम से किया जाए तथा फिजिकल बैठकों से बचा जाए, ताकि ईंधन की बचत सुनिश्चित की जा सके। डीसी राहुल नरवाल ने कहा कि एसीएस ने प्रधानमंत्री द्वारा ऊर्जा संरक्षण एवं ईंधन बचत को लेकर की गई अपील के अनुसरण में जिला प्रशासन द्वारा भी ईंधन संरक्षण के प्रति व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपील की कि वे अपनी दैनिक दिनचर्या में तरल ईंधन बचत उपायों को अपनाएं तथा अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें, ताकि सामूहिक प्रयासों से ऊर्जा सुरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण के राष्ट्रीय मिशन को मजबूती मिल सके।

### राजकीय महाविद्यालय बरवाला में विशेष इंटर्नशिप सेमिनार

**बरवाला।** राजकीय महाविद्यालय बरवाला में इंटर्नशिप सेल के द्वारा, इंटर्न विद्या प्राइवेट लिमिटेड और जम्भ शक्ति एनजीओ के संयुक्त तत्वावधान में विद्यार्थियों के लिए एक विशेष इंटर्नशिप सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का आरंभ प्रचार्य अनूप सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को इटर्नशिप के उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी। सेमिनार में विशेषज्ञ वक्ताओं ने विद्यार्थियों को अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक युग में केवल शैक्षणिक ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि व्यावहारिक अनुभव एवं कौशल विकास भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने इंटर्नशिप के माध्यम से विद्यार्थियों को वास्तविक कार्य वातावरण से परिचित होने, आत्मविश्वास बढ़ाने और भविष्य के करियर निर्माण में सहायता मिलने की जानकारी दी। दीक्षा ने विद्यार्थियों को इंटर्नशिप से सम्बन्धित प्रश्नों को विस्तार से पूछने और उनके समाधान के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध इंटर्नशिप अवसरों, डिजिटल स्किल्स, संचार कौशल तथा प्रोफेशनल नेटवर्किंग के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया।

### शहीद ढींगड़ा प्रतिमा स्थल पर कमरे व वाटर कूलर लगाने का निर्णय

**हिसार।** पंजाबी कल्याण मंच की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंच के प्रधान इंद्र शर्मा ने की। प्रेस प्रवक्ता जीसी नारंग ने बताया कि बैठक में मंच द्वारा किए जा रहे सामाजिक एवं जनहित कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। सदस्यों ने संस्था की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी तथा जनहितकारी बनाने के लिए अपने सुझाव रखे। सभा के दौरान एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित करते हुए मदन लाल ढींगड़ा प्रतिमा स्थल पर एक कमरे के निर्माण एवं वहां वाटर कूलर स्थापित करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा संस्था के अन्य विकासात्मक कार्यों को भी तीव्र गति से आगे बढ़ाने पर सहमति बनी। इस अवसर पर वेद रावल, डीएन भ्याना, मुकेश सेठी एवं आरडी अरोड़ा को मंच का सरपरस्त घोषित किया गया। बैठक में जोन अध्यक्षों सहित सभी जोनों के सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

### गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि के आठ छात्रों को मिला प्लेसमेंट


**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सौजन्य से एसएमसीसी कंस्ट्रक्शन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के ऑन-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव विश्वविद्यालय के बीटेक और एमबीए प्रोग्राम के आठ विद्यार्थियों को प्लेसमेंट मिला है। चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए, कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने विश्वविद्यालय के मजबूत प्लेसमेंट रिकॉर्ड पर संतोष व्यक्त किया। सहायक प्लेसमेंट निदेशक डॉ. आदित्य वीर सिंह ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों में बीटेक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के हरकेश रावत, अरुण, शिवम, मुमताज अली व उत्तम सिंह, बीटेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग के भार्गव और सूरज तथा एमबीए जनरल से चेतना रानी शामिल हैं।

### किसान-मजदूर पंचायत को लेकर जनसपंर्क किया

**हिसार।** अखिल भारतीय किसान सभा द्वारा 21 मई को गांव चूली खुर्द में होने वाली किसान-मजदूर पंचायत को लेकर जनसपंर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान पंपलेट वितरित किए गए। तहसील सचिव सतबीर सिंह धायल ने कहा कि किसान-मजदूर पंचायत में घग्गर ड्रैन से बाढ, सेम व प्राकृतिक बाढ के स्थाई समाधान, खरीफ 2025 की बर्बाद फसलों का 50 हजार प्रति एकड़ मुआवजा, बाढ व जलभराव से गांव की बस्तियों व ढाणियों मे आई दरार का उचित मुआवजा आदि मांगों को लेकर चर्चा की जाएगी। इस मौके पर कपूर सिंह बगला, रुघुबीर सिंह मंडेरना, धर्म सिंह बैनीवाल, सतपाल गोदारा, राजेन्द्र बैनीवाल, जयदेव आदि भी मौजूद थे।

### विधायक चंद्रप्रकाश बने ओबीसी डिपार्टमेंट के स्टेट चेयरमैन

**हिसार।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा आदमपुर के विधायक चंद्रप्रकाश को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के ओबीसी डिपार्टमेंट का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति के लिए चंद्रप्रकाश ने शीर्ष नेतृत्व सहित सभी कांग्रेस पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया है। चंद्रप्रकाश ने कहा कि सोनिया गांधी, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, राष्ट्रीय संगठन महासचिव प्रियंका गांधी और राष्ट्रीय संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने जो विश्वास जताया है, उस विश्वास को बनाए रखते हुए जनहित का काम किया जाएगा।



## होली चाइल्ड स्कूल के रिहान संधू ने कराटे में जीता रजत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा 8वीं के छात्र रिहान संधू ने कराटे प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय, अभिभावकों एवं प्रशिक्षकों को गौरवान्वित किया है। रिहान ने इंटर डोजो टूर्नामेंट में भाग लेकर अपनी प्रतिभा, अनुशासन और मेहनत का शानदार प्रदर्शन किया। सूरज स्पोर्ट्स अकादमी में आयोजित प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों और प्रशिक्षण संस्थानों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

रिहान संधू ने अंडर 14 आयुवर्ग में 35 किलोग्राम से कम भार वर्ग में हिस्सा लिया और अपनी उत्कृष्ट तकनीक तथा आत्मविश्वास के दम पर शानदार सफलता प्राप्त की। उन्होंने कुमिते प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया। इसके साथ ही



उन्होंने काता प्रतियोगिता में कांस्य पदक हासिल कर एक और उपलब्धि अपने नाम की।

विद्यालय के एमडी आरएस सिंधु ने रिहान संधू की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थियों की खेलों में सफलता विद्यालय के लिए गर्व की बात है। अनुशासन, मेहनत और समर्पण से विद्यार्थी हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। विद्यालय सदैव विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेल, सांस्कृतिक एवं अन्य सह-पाठयक्रम गतिविधियों में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करता है। विद्यालय की प्राचार्या अनीता पन्नू दलाल ने रिहान को बधाई दी है।

### पेट्रोल-डीजल के रेट बढ़ाकर सरकार ने जनता की कमर तोड़ी : सोरखी

**हांसी।** आज देश और हरियाणा की जनता लगातार बढ़ती महंगाई से बुरी तरह परेशान है। पेट्रोल-डीजल के दामों ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। आज हर वर्ग किसान, मजदूर, कर्मचारी, व्यापारी और मध्यम वर्ग महंगाई की मार झेल रहा है। आम आदमी पार्टी के हांसी जिला अध्यक्ष राजेन्द्र सोरखी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की गलत नीतियों के कारण पेट्रोल और डीजल के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिसका सीधा असर रोजमर्रा की जरूरत की चीजों पर पड़ रहा है। दो दिन पहले पेट्रोल व डीजल 3 रुपए प्रति लीटर बढ़ा दिया गया और आज 90 पैसे प्रति लीटर पुनः बढ़ाकर जनता पर भारी बोझ डालने का काम किया है। परिवहन महंगा होने से खाद्य पदार्थ, सब्जियां, दूध और अन्य आवश्यक वस्तुओं के दाम आसमान को छू रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार जनता को राहत देने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। एक तरफ बेरोजगारी बढ़ रही है और दूसरी तरफ महंगाई ने जीना दुश्वार कर दिया है।



## मॉडर्न पेंटाथलॉन चैंपियनशिप में डीपीएस के विद्यार्थी छाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

दिल्ली पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने डिस्ट्रिक्ट हिसार बायथल/ट्रायथल मॉडर्न पेंटाथलॉन चैंपियनशिप-2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। यह प्रतियोगिता मॉडर्न डिफेंस स्कूल में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न आयु वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अनेक पदक अपने नाम किए। स्वर्ण पदक विजेताओं में अंडर-11 वर्ग से हैरिश, अंडर-13 वर्ग से सुहाना, अंडर-15 वर्ग से तनिष्क तथा अंडर-17 वर्ग से कुणाल चावला शामिल रहे। अंडर-15 वर्ग में सौम्या ने रजत पदक प्राप्त किया। कांस्य पदक विजेताओं में अंडर-11 वर्ग से अनहद, अंडर-13 वर्ग से अद्विक तथा अंडर-15 वर्ग से नेतन्या, कामना एवं आराध्या दलाल शामिल रहे। उल्लेखनीय है कि प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर विद्यालय के विद्यार्थियों का चयन हरियाणा राज्य स्तरीय मॉडर्न पेंटाथलॉन चैंपियनशिप-2026 के लिए भी हुआ है। यह प्रतियोगिता 23 मई को मॉडर्न डिफेंस स्कूल में आयोजित की जाएगी। विद्यालय निदेशक निहाल सिंह व प्रधानाचार्या मंजू सुधाकर ने सभी विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी।

### विज्डम विद्यालय के छात्रों ने ओलंपियाड प्रतियोगिता में किया शानदार प्रदर्शन



**हिसार।** ऑरेंज ग्लोबल ग्रुप तथा मिट्स्योर संस्थान द्वारा आयोजित ओलंपियाड प्रतियोगिता में विज्डम विद्यालय के विद्यार्थियों ने क्रमशः जिला स्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यार्थियों ने गणित विज्ञान और अन्य विषयों में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा और मेहनत का उत्कृष्ट परिचय दिया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में त्रिशा, जयवर्धन, शिवांश , अमितांश, दिव्यांश, अवनी एवं सार्थक बूरा शामिल रहे। द्वितीय स्थान पर तविशा, भावी, यंश पाल, शौर्य, पार्थ, आदित्य , मोहित तथा ललित माधव बजाज रहे। वहीं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में रेयांस, दिव्यांका, इशुभजीत, द्रवित जोरा, रुद्र प्रताप शर्मा, हर्षवर्धन एवं अवनी ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

### गांव गावड़ में चौपाल निर्माण में अनियमितता पर कार्रवाई के संकेत

**हिसार।** हिसार में सीएम विंडो शिकायतों की समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गांव गावड़ में बैकवर्ड चौपाल के निर्माण कार्य में अनियमितताओं के मामले पर कड़ा संज्ञान लिया। शिकायत में आरोप था कि 17.13 लाख रुपये की ग्रांट बिना टेंडर प्रक्रिया के निकाली गई और निर्माण कार्य आधा भी पूरा नहीं हुआ। इस पर मुख्यमंत्री ने विकास एवं पंचायत विभाग को ठेकेदार तथा संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों के खिलाफ जांच कर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से हुई बैठक में प्रदेश के आयुक्त, उपायुक्त और अन्य अधिकारी शामिल हुए। हिसार मंडल की सीएम विंडो पर शिकायत निपटान की समीक्षा भी की गई, जिसमें जिले का ओवरऑल स्कोर 75 बताया गया और जिला प्रदेश में दसवें स्थान पर रहा। मुख्यमंत्री ने सभी जिलों को निर्देश दिए कि लंबित शिकायतों का समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित किया जाए। वहीं उपायुक्त ने अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर लंबित मामलों के समाधान और नियमित रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

**जांच** | चिराग योजना में अनियमितता का मामला, कार्रवाई से हड़कंप

# सीएम फ्लाइंग ने किया निजी स्कूल में औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही चिराग योजना में अनियमितताओं की शिकायत मिलने के बाद मंगलवार को सीएम फ्लाइंग टीम हिसार ने गांव भिवानी रोहिल्ला स्थित एक निजी स्कूल में औचक निरीक्षण कर गहन जांच की। जांच के दौरान रिकॉर्ड में गड़बड़ी, अभिभावकों से शुल्क वसूली तथा बच्चों के साथ भेदभाव जैसे कई मामले सामने आए हैं। टीम ने पूरे मामले की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेजने की बात कही है। सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज इंचार्ज सुनैना के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में शिक्षा विभाग के प्रिंसिपल अजय कुमार, पीजीटी विनीता, एसआई कृष्ण, एएसआई सुरेंद्र तथा एचसी जितेंद्र भी शामिल रहे।



जानकारी के अनुसार सीएम फ्लाइंग टीम को सूचना मिली थी कि गांव भिवानी रोहिल्ला स्थित कैंब्रिज पब्लिक स्कूल में सरकार की चिराग योजना के तहत दाखिल किए गए बच्चों के मामले में नियमों की अनदेखी की जा रही है। शिकायत मिलने के बाद टीम शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ स्कूल पहुंची और रिकॉर्ड, फीस रजिस्टर तथा अन्य दस्तावेजों की गहनता से जांच की।

### रिकॉर्ड में मिली अनियमितता

सीएम फ्लाइंग के अनसार जांच के दौरान सामने आया कि वर्ष 2025-26 में चिराग योजना के तहत नर्सरी कक्षा में कुणाल नामक बच्चे का दाखिला किया गया था, लेकिन स्कूल रिकॉर्ड में उसे 134ए योजना के तहत दर्शाया गया था। टीम ने इसे गंभीर अनियमितता माना। इसके अलावा जांच में यह भी सामने आया कि स्कूल प्रबंधन द्वारा बच्चों के अभिभावकों से ट्रांसपोर्ट सहित विभिन्न मदों के नाम पर राशि ली गई। चिराग योजना के तहत दाखिल विद्यार्थियों से ट्यूशन फीस लेने पर स्पष्ट रोक है।

### अभिभावकों ने लगाए भेदभाव के आरोप

निरीक्षण के दौरान टीम ने बच्चों के अभिभावकों से भी बातचीत की। अभिभावकों ने आरोप लगाया कि चिराग योजना के तहत दाखिल बच्चों के साथ सामान्य विद्यार्थियों की तुलना में भेदभाव किया जा रहा है। बच्चों को दी गई नोटबुक में नियमित रूप से होमवर्क नहीं दिया गया और न ही कॉपियों की सही तरीके से जांच की गयी।

### सरकार के नियमों का पालन करने के निर्देश

सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज इंचार्ज सुनैना ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई चिराग योजना का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों के बच्चों को निजी स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाना है। चिराग योजना के तहत आरक्षित सीटों पर दाखिला लेने वाले बच्चों की ट्यूशन फीस सरकार द्वारा वहन की जाती है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि चिराग योजना के तहत दाखिल विद्यार्थियों से ट्यूशन फीस वसूलना नियमों के खिलाफ है। साथ ही इन बच्चों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव करना नियमों का उल्लंघन है।

JINDAL STEEL

**जिन्दल स्टील लिमिटेड**

(पूर्व में जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड के रूप में जानी जाती)
पंजी. कार्यालय : ओ.पी. जिन्दल मार्ग, हिसार-125005 (हरियाणा)
कॉर्पोरेट सचिवालय कार्यालय : जिन्दल सेंटर, टावर-ए, द्वितीय तल, प्लॉट नं. 2, सेक्टर-32, गुड़गांव-122001 (हरियाणा)
CIN: L27105HR1979PLC009913 | Website: www.jindalsteel.in
Email: investorcare@jindalsteel.in | Tel.: +91 124 6612000

jindalsteel_ jindal_steel jindalsteellimited jindalsteel_ jindalsteel_

**डाक मतदान और दूरस्थ ई-वोटिंग की सूचना**

कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमों, 2014, (कोई वैधानिक संशोधन (ों) अथवा समय-समय पर लागू उनके पुनः कार्यान्वयन (ों) समेत) के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 (''दि एक्ट'') की धारा 110, 108 और अन्य लागू प्रावधानों, यदि कोई हो, इंस्टीट्यूट ऑफ कम्पनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया द्वारा जारी सचिवालयी मानकों-2, भारतीय प्रतिभूतियां एवं विनिमय बोर्ड (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 (''लिस्टिंग रेगुलेशंस''), कम्पनी मामलों का मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी सामान्य सरकुलर नं. 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल, 2020, 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020 और इस सम्बन्ध में जारी अनुवर्ती सरकुलर्स, नवीनतम सामान्य सरकुलर नं. 03/2025 दिनांक 22 सितम्बर 2025 (यहां इसके बाद सामूहिक रूप में "एमसीए सरकुलर्स" के तौर पर संदर्भित) के अनुसरण में एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि डाक मतदान की सूचना दिनांक 01 मई 2026 में वर्णित अनुसार प्रस्तावों को डाक मतदान द्वारा, केवल दूरस्थ ई-वोटिंग ("ई-वोटिंग") प्रक्रिया द्वारा जिन्दल स्टील लिमिटेड (पूर्व में जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड के रूप में जानी जाती) के सदस्यों द्वारा पारित किया जाना प्रस्तावित किया जाता है।

सदस्यों की सहमति अथवा असहमति का संचार केवल ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा।

कम्पनी के सभी शेयरधारकों, जिनके नाम **शुक्रवार, 15 मई 2026 (''कट-ऑफ तिथि'')** के अनुसार सदस्यों के रजिस्टर / डिपॉजिटरीज द्वारा मेनटेन किये गये लाभकारी मालिक के रजिस्टर में दर्ज हैं, शेयरधारकों जिनके ई-मेल आईडी कम्पनी / डिपॉजिटरीज के पास पंजीकृत हैं, को ई-मेल के माध्यम से व्याख्यात्मक विवरण सहित डाक मतदान सूचना का प्रेषण कम्पनी ने **मंगलवार, 19 मई 2026** को पूर्ण कर लिया है।

उक्त सूचना कम्पनी की वेबसाइट (एस) (www.jindalsteel.in), स्टॉक एक्सचेंजेज अर्थात बीएसई लिमिटेड (www.bseindia.com), नैशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (www.nseindia.com) और ई-वोटिंग एजेंसी अर्थात सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) (www.evotingindia.com) पर भी उपलब्ध है और डाउनलोड की जा सकती है।

कोई व्यक्ति, जो ''कट-ऑफ तिथि'' के अनुसार सदस्य नहीं है, इस सूचना को केवल जानकारी के प्रयोजन हेतु मानना चाहिए।

डिमैटीरियलाइज्ड मोड में शेयरधारण करने वाले सदस्य, जो अपने ई-मेल पते अपने डीपी के पास पंजीकृत / अद्यतन नहीं करवा चुके हैं, से आग्रह किया जाता है कि सम्बद्ध डीपी के पास अपने ई-मेल पते पंजीकरण / अद्यतन करवाएं। भौतिक मोड में शेयरधारण करने वाले सदस्य जो कम्पनी के पास अपने ई-मेल पते पंजीकृत / अद्यतन नहीं करवा चुके हैं, से आग्रह किया जाता है कि नाम, फोलियो नं., पिन कोड सहित पता, सम्पर्क नं., सहित पैन कार्ड और पता प्रमाण (आधार कार्ड / वोटर आईडी कार्ड / पासपोर्ट) की स्व-सत्यापित प्रति वर्णित करते हुये हस्ताक्षरित आग्रह पत्र सहित कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट (''आरटीए'') को ramap@alankit.com पर लिख कर इसका पंजीकरण / अद्यतन करवाएं।

कम्पनी ई-वोटिंग सुविधा प्रदान करने के लिये सीडीएसएल की सेवाएं ले चुकी है। ई-वोटिंग अवधि **बुधवार, 20 मई, 2026 को (पूर्वा. 9.00 बजे) (आईएसटी) प्रारम्भ होगी और बृहस्पतिवार, 18 जून 2026 को (अप. 5.00 बजे) (आईएसटी) समाप्त होगी।** ई-वोटिंग मॉड्यूल इसके पश्चात वोटिंग हेतु सीडीएसएल द्वारा अयोग्य कर दिया जाएगा और ई-वोटिंग की अनुमति उक्त तिथि व समय के पश्चात नहीं दी जाएगी। इस अवधि के दौरान, केवल कट-ऑफ तिथि अर्थात **शुक्रवार, 15 मई 2026** के अनुसार या तो भौतिक रूप में अथवा डिमैटीरियलाइज्ड रूप में शेयरधारण करने वाले कम्पनी के सदस्य ही ई-वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने के हकदार होंगे।

कम्पनी निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से ई-वोटिंग प्रक्रिया आयोजित करने के लिये संवीक्षाकर्ता के रूप में मै. नवनीत के. अरोड़ा एंड कं., एलएलपी, कम्पनी सेक्रेटरीज के श्री नवनीत अरोड़ा, (सीओपी नं. 3005) को नियुक्त कर चुकी है।

संवीक्षाकर्ता की रिपोर्ट सहित डाक मतदान द्वारा वोटिंग का परिणाम कम्पनी की वेबसाइट पर www.jindalsteel.in पर, स्टॉक एक्सचेंजेज अर्थात बीएसई लिमिटेड की www.bseindia.com पर और नैशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट्स www.nseindia.com पर उपलब्ध होगा।

यदि सीडीएसएल ई-वोटिंग प्रणाली से ई-वोटिंग के सम्बन्ध में आपके कोई प्रश्न अथवा मुद्दे हैं तो आप helpdesk.evoting@cdslindia.com को एक ई-मेल लिख सकते हैं अथवा टोल फ्री नं. 18002109911 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

कृते जिन्दल स्टील लिमिटेड
(पूर्व में जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड के रूप में जानी जाती)
हस्ता/-
देबोज्योति रॉय
पूर्ण-कालिक निदेशक
डीआईएन : 08285494

दिनांक : 19 मई 2026
स्थान : नई दिल्ली

## खबर संक्षेप

### विदेश भेजने के नाम पर ठगी का आरोपी दबोचा

**हिसार।** आर्थिक अपराध शाखा पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने अमेरिका भेजने का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी करने के मामले में एक आरोपी को नोहर, राजस्थान से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सुन्दर सिंह निवासी बगला जिला हिसार के रूप में हुई है। आर्थिक अपराध शाखा प्रभारी निरीक्षक निर्मला ने बताया कि आरोपी द्वारा शिकायतकर्ता महिला निवासी साकेत नगर जवाहर नगर हिसार को विदेश भेजने के नाम पर 20 लाख रूपये अपने खाते में डलवाने व 20 लाख अपने साथी के खाते में डलवाने पर मामला दर्ज किया गया था। मामले की जांच के दौरान एसआई बीर सिंह ने साइबर सेल की सहायता से आरोपी को नोहर राजस्थान से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी सुन्दर सिंह को अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा।

### वाहन के फर्जी ट्रांसफर मामले का आरोपी काबू

**हिसार।** आर्थिक अपराध शाखा द्वारा शहर थाना के मुकदमा में कार्रवाई करते हुए वाहन के फर्जी ट्रांसफर व धोखाधड़ी के मामले में नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि परिवादी प्रदीप कुमार निवासी टावर एन्क्लेव की शिकायत पर अदालत के आदेशानुसार शहर थाना में मुकदमा दर्ज किया गया था। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि आरोपियों ने आपराधिक षड्यंत्र रचकर धोखाधड़ी, जालसाजी एवं फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से वाहन नम्बर को अवैध रूप से ट्रांसफर करवा लिया तथा बाद में अदालत से सुपरदारी भी हासिल कर ली। आर्थिक अपराध शाखा द्वारा कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपी सोनू निवासी जिला चरखी दादरी को गिरफ्तार करके अदालत में पेश किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### ई-रिक्शा में शराब तस्करी का भंडाफोड़

**हांसी।** जिला पुलिस ने एक आरोपी को भारी मात्रा में अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान ढाणा कलां निवासी सरूप सिंह के रूप में हुई है। मुख्य सिपाही सुनील कुमार ने बताया कि गश्त एवं अपराध रोकथाम ड्यूटी के दौरान सूचना मिली कि एक व्यक्ति ई-रिक्शा में भारी मात्रा में अवैध शराब भरकर तोशाम चुंगी की ओर आने वाला है। सूचना के आधार पर पुलिस ने तुरंत नाकाबंदी कर संदिग्ध ई-रिक्शा को रोककर तलाशी लेने पर ई-रिक्शा में 86 बोतल देसी शराब, 24 बोतल अंग्रेजी शराब, 60 बोतल बीयर तथा 72 कैन बीयर बरामद हुई। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी शराब संबंधी कोई वैध लाइसेंस या परमिट प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत थाना शहर हांसी में मामला दर्ज कर अवैध शराब और ई-रिक्शा को कब्जे में ले लिया।

### जिला सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता 24 मई को

**हिसार।** लड़के और लड़कियों के वर्ग की ओपन आयु वर्ग में जिला सीनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 24 मई को बरवाला के एथलेटिक्स ग्राउंड में होगी। एथलेटिक्स हिसार के महासचिव मनोज कड़वासरा व एथलेटिक्स मीडिया प्रभारी प्रदीप कनोह ने बताया कि एक दिवसीय इस चैम्पियनशिप में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर, 5000 मीटर, 10000 मीटर रेस, वॉक रेस, हर्डल रेस, हाई जंप, लॉन्ग जंप, ट्रिपल जंप, पोल वाल्ट, जेवेलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो, हैमर थ्रो, शॉट पुट के इवेंट्स करवाए जाएंगे। सीनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के दौरान राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए जिले की टीम का चयन होगा। स्टेट सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता 30 व 31 मई को कुरुक्षेत्र में होगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

## हीट वेव ने बढ़ाई मुश्किलें, सेक्टर 16-17 बाइपास पर भीषण गर्मी में कार को आग लगी, पिता-पुत्र सुरक्षित

# नौतपा से पहले तपा हिसार, पारा 45⁰ पार

■ सड़कों पर सन्नाटा, जनजीवन प्रभावित, 27.9⁰ दर्ज किया गया न्यूनतम पारा, अभी गर्मी से राहत के आसार नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गर्मी में अपने तेवर तल्ख कर लिए है। मंगलवार को सुबह से ही हीट वेव चलने से लोगों का गर्मी के मारे बुरा हाल हो गया। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, वैसे-वैसे सूर्य ने अपना रौद्र रूप अपना लिया और भीषण गर्मी अपने चरम पर पहुंच गई। भीषण गर्मी दोपहर को आधार अस्पताल के सामने बाइपास रोड पर अचानक एक गाड़ी में आग लग गई। गाड़ी में सवार पिता-पुत्र ने समय रहते बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। उधर, पिछले चार दिनों से अधिकतम व न्यूनतम तापमान नई ऊंचाई को छू रहा है। झुलसाने देने वाली गर्मी के कारण दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा दिखाई देने लगा। मंगलवार को हिसार शहर का अधिकतम पारा 45.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जोकि इस सीजन का सर्वाधिक है। सोमवार को दिन का पारा 44.4 डिग्री सेल्सियस रहा था। दिन के साथ रात्रि का पारा भी उफान पर है। रात्रि पारा 27.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उधर, आईएमडी ने 22 मई तक के लिए येलो अलर्ट जारी किया है, ऐसे में गर्मी से फिलहाल राहत के कोई संकेत नहीं है। जानकारी के अनुसार मई महीने के पहले पखवाड़े में जहां लगातार मौसम परिवर्तनशील बना रहा। बादलों की आवाजाही और तेज गति से हवाएं अंधड़ चलने के साथ हल्की बारिश या बूंदा-बांदी व ओलावृष्टि की वजह से प्रदेश के सम्पूर्ण मैदानी क्षेत्रों में तापमान नियंत्रित रहा। साथ ही साथ झुलसाने वाली गर्मी और हीट वेव के तेवरों को ढीला कर दिया। वहीं दूसरे पखवाड़े में तापमान में बढ़ोतरी और हीट वेव से गंभीर हीट वेव अपने तेवरों को प्रचंड बना लिया है और झुलसाने वाली गर्मी अपने रंग दिखाने शुरू कर दिए है। हिसार और आसपास के क्षेत्र में गर्मी के तेवर तेज है। मई के दूसरे पखवाड़े में आसमान से आग के शोले बरस रहे हैं। चिलचिलाती धूप और लू के कारण लोगों को बाहर निकलना दूभर हो रहा है।




हिसार। भीषण गर्मी के चलते सड़क पर सन्नाटा और सेक्टर 16-17 बाइपास पर भीषण गर्मी के कारण एक कार में आग लग गई। गनीमत रही कि कार सवार पिता-पुत्र सुरक्षित बच गए।

### 25 से शुरू होगा नौतपा

25 मई से नौतपा की शुरुआत होगी, लेकिन मई के दूसरे पखवाड़े में गर्मी अभी से पूरे उफान पर है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार इस माह के अंतिम दिनों में सूर्य और पृथ्वी के बीच की दूरी कम हो जाती है। जिससे सूर्य की किरणें सीधी धरती पर पड़ती है। यही कारण है कि इन दिनों में भीषण गर्मी का कहर रहता है। वहीं बदलते मौसम में नमी की मात्रा घट गई है। भीषण गर्मी के साथ लोगों को लू (गर्म हवाओं) के थपेड़े झेलने पड़ रहे हैं। दो जून तक नौतपा रहेगा। ऐसी मान्यता है कि अगर नौतपा में गर्मी ज्यादा पड़ती है तो इसे मानसून के दौरान अच्छी बारिश के संकेत माने जाते हैं।

### जानें... पिछले 5 दिन क्या रहीं पारे की चाल

| तारीख | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| 19 मई | 45.3 | 27.7 |
| 18 मई | 44.4 | 24.8 |
| 17 मई | 42.4 | 24.5 |
| 16 मई | 40.9 | 23.6 |
| 15 मई | 38.9 | 23.7 |

### गर्मी से बचने के लिए ये करें

- प्यास न होने पर भी पानी पीते रहें।
- हल्के रंग के ढीले व सूती कपड़े पहनें।
- धूप में निकलते समय सिर पर कपड़ा ढके।
- घर में बने पेय पदार्थ जैसे लस्सी, नींबू पानी, छाछ आदि का उपयोग करें।
- गर्मी के प्रकोप से बचने के लिए सुरक्षात्मक उपाय अपनाएं और खासकर बच्चों का विशेष ख्याल रखें।

### थार मरुस्थल से आ रही शुष्क हवाओं से चढ़ा पारा

मौसम विशेषज्ञ डॉ चंद्रमोहन ने बताया कि थार मरुस्थल से लगातार पश्चिमी शुष्क हवाओं का रूख सम्पूर्ण हरियाणा पर बना हुआ है। किसी भी सक्रिय मौसम प्रणाली का असर नदारद हैं। साथ ही साथ सुबह से शाम तक सूर्य देव के तल्ख तेवरों से सम्पूर्ण इलाके में तापमान में उफान और उछाल देखने को मिल रहा है। आने वाले दिनों में हरियाणा में तापमान में उछाल और झुलसाने वाली गर्मी और हीट वेव अपने तेवरों को दिखाएंगी। 22 मई को कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से हरियाणा में केवल आंशिक बादलवाही देखने को मिलेगी और तापमान में बढ़ोतरी जारी रहेगी। जबकि 29 मई को एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से मौसम में बदलाव की सम्भावना बन रही है।



### दोपहर को अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचें

हांसी डीसी राहुल नरवाल ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा है कि वर्तमान में बढ़ती गर्मी और हीट वेव को देखते हुए सभी नागरिक विशेष सावधानी बरतें तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ते तापमान के कारण लू लगने, डिहाइड्रेशन तथा अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए नागरिकों को अपनी दिनचर्या में आवश्यक बदलाव करते हुए सुरक्षित रहने की जरूरत है। डीसी राहुल नरवाल ने कहा कि दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक धूप सबसे अधिक तेज होती है, इसलिए इस दौरान अनावश्यक रूप से घर से बाहर निकलने से बचना चाहिए। यदि किसी कारणवश बाहर जाना आवश्यक हो तो छायादार स्थानों का उपयोग करें तथा समय-समय पर आराम अवश्य करें।

## चानौत में बिजली-पानी की समस्या से खफा ग्रामीणों ने धरना दे जताया रोष

■ हांसी शहर को जाने वाली पेयजल पाइपलाइन की खुदाई के कार्य भी बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी



हांसी। पानी और बिजली की मांग को लेकर धरने पर बैठे गांव चानौत के ग्रामीण।

बरवाला रोड स्थित गांव चानौत में पेयजल और बिजली समस्या को लेकर ग्रामीणों द्वारा शुरू किया गया धरना मंगलवार को चौथे दिन भी जारी रहा। अपनी मांगों को लेकर ग्रामीण धरना स्थल पर डटे रहे और हांसी शहर को जाने वाली पेयजल पाइपलाइन की खुदाई के कार्य को भी बंद रखा। ग्रामीणों ने साफ कहा कि जब तक गांव की पानी और बिजली समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया जाता, तब तक उनका यह धरना व आंदोलन समाप्त नहीं किया जाएगा। धरने को किसान नेता सुरेश कौथ समेत कई किसान नेताओं का समर्थन मिला। नेताओं ने धरना स्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों की मांगों को उचित बताते हुए प्रशासन और सरकार से जल्द समाधान निकालने की मांग की। उन्होंने कहा कि मूलभूत सुविधाओं के लिए ग्रामीणों को आंदोलन करने पर मजबूर होना दुर्भाग्यपूर्ण है। धरने में बड़ी संख्या में महिलाएं, किसान और युवा लगातार भागीदारी कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में लंबे समय से पानी और बिजली की गंभीर समस्या बनी हुई है, लेकिन प्रशासन द्वारा केवल आश्वासन दिए जा रहे हैं और स्थायी समाधान नहीं किया गया। ग्लोबल ह्यूमन राइट्स की एशिया अध्यक्षा विशाखा चौधरी और गांव के सरपंच हिमांशु दूहन ने कहा कि जब तक पाइपलाइन से गांव के लिए अलग स्पेशल लाइन नहीं दी जाती, तब तक धरना जारी रहेगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द मांगें पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा और बड़े स्तर पर आगामी रणनीति बनाई जाएगी।

## सिंघवा खास में 40 वर्ष पुराना कब्जा हटवा खुलवाया रास्ता

प्रशासन ने पुलिस बल के साथ की कार्रवाई, पुलिस और कब्जा करने वालों के बीच बहस भी हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद



**नारनौंद।** सिंघवा खास में मौके पर खड़े हुए ग्रामीण ओर प्रशासन के अधिकारी।

गांव सिंघवा खास में प्रशासन द्वारा 40 वर्ष पुराना अवैध कब्जे पर पीला पंजा चलाकर गांव का मुख्य रास्ता खाली करवाया गया। मौके पर पुलिस और कब्जा करने वाले पक्ष के लोगों में बहस हो गई थी। थाना प्रभारी बलवान सिंह ने स्थित पर काबू पाते हुए मामले को शांत करवाकर कब्जा कार्रवाई शुरू करवाकर अवैध कब्जे को हटवाया।

सिंघवा खास में नवीन, संदीप और नन्ही ने गांव की पंचायती भूमि पर बनी मुख्य गली पर अवैध कब्जा करके पशु बाड़ा बनाया हुआ था। इसके कारण गली का रास्ता तंग हो गया था। ग्रामीणों ने ये रास्ता खुलवाने के काफी प्रयास किए थे। उसके बाद ग्राम पंचायत ने इन तीनों के खिलाफ केस कर दिया था। ग्राम पंचायत की तरफ से नकल प्रस्ताव पास करके बीडीपीओ के पास भेजा। जमीन की पैमाइश करवाई गई। उसके बाद जिला उपायुक्त की तरफ से 23 अप्रैल से 29 अप्रैल तक तुरंत कब्जा हटाने के आदेश दिए गए। लेकिन कब्जा धारकों ने कब्जा नहीं हटाया तो 18 मई को कब्जा हटवाने के आदेश जारी कर ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में प्रो अनूप कुमार को नियुक्त किया। नायब तहसीलदार कृष्ण कुमार, कानूनगो और पटवारी ने मौके पर पहुंच कर निशानदेही करवाई। उसके बाद बास थाना प्रभारी बलवान सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और कब्जा कार्रवाई शुरू की तो महिलाओं ने विरोध करना शुरू कर दिया। स्थिति तनावपूर्ण हो गई। थाना प्रभारी बलवान सिंह ने उनको समझाया और महिला पुलिस कर्मियों की मदद से उन्हें वहां से हटाकार जेसीबी से अवैध कब्जे को गिरा दिया ओर गांव का मुख्य रास्ता खुलवा दिया गया। गांव के सरपंच ओमप्रकाश ने बताया ने कि गांव को इकठ्ठा किया गया था। इनको कब्जा हटाने के लिए कहा गया था लेकिन इन्होंने कब्जा नहीं हटाया। उसके बाद पंचायत ने केस दायर किया। डीसी की तरफ से भी पैमाइश करवाई गई। 27 फुट का चौड़ा रास्ता सिर्फ 8 फुट का छोड़ा हुआ था। जोकि काफी तंग था। प्रशासन की मदद से कब्जे को हटवा दिया गया।

## प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाने के लिए होंगे 4 कैश काउंटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



मेयर ने अधिकारियों के साथ की बैठक, कहा- टैक्स भुगतान करने में शहरवासियों को न हो कोई असुविधा

**हिसार।** निगम अधिकारियों के साथ बैठक में चर्चा करते मेयर प्रवीण पोपली।

प्रॉपर्टी टैक्स को लेकर मेयर प्रवीण पोपली की अध्यक्षता में नगर निगम के मुख्य सभागार में बैठक हुई। जिसमें अतिरिक्त निगमायुक्त वीरेन्द्र सहारण, सचिव संजय शर्मा, एक्सपर्ट अनिल मेहता सहित कर्मचारी मौजूद रहे।

मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि सरकार द्वारा बकाया प्रॉपर्टी टैक्स पर 100 प्रतिशत ब्याज माफी की सुविधा दी गई है। यह छूट वर्ष 2010-11 से 2024-25 तक के बकाया प्रॉपर्टी टैक्स पर एकमुश्त राशि जमा करने पर मिलेगी। उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ उठाने की अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित की गई है। ब्याज की छूट को ध्यान में रखते हुए प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाने के लिए एक की बजाय 4 कैश काउंटर होंगे। जबकि बिल की कॉपी निकलवाने के लिए 2 काउंटर होंगे। मेयर ने अधिकारियों को आदेशित किया कि टैक्स भुगतान करने में शहरवासियों को किसी प्रकार की कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए। इस पर अधिकारियों ने बताया कि टैक्स का भुगतान दो प्रकार से किया जा सकता है ऑनलाइन और ऑफलाइन। ऑफलाइन में शहरवासी नगर निगम कार्यालय में आकर प्रॉपर्टी टैक्स का भुगतान कर सकते है। ऑनलाइन में नागरिक नगर निकाय विभाग की साइट पर जाकर या जिससे लोग क्यूआर कोड स्कैन कर प्रॉपर्टी टैक्स का भुगतान कर सकते हैं। जिसके लिए नागरिकों को निगम कार्यालय में आने की जरूरत नहीं है। इसके अलावा प्रॉपर्टी टैक्स का ऑनलाइन भुगतान करने पर 1 प्रतिशत अतिरिक्त छूट का लाभ भी मिलेगा। मेयर प्रवीण पोपली ने मौजूद सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि प्रॉपर्टी टैक्स त्रुटियां सही करवाने की फाइल जो शहरवासियों द्वारा लगाई जाती उनका जल्द से जल्द निपटान करें ताकि वह समय पर छूट का लाभ उठाते हुए प्रॉपर्टी टैक्स भुगतान कर सके। उन्होंने यह भी कहा कि कोताही बरतने वालों पर कार्रवाई की जाएंगी।

वहीं समय पर कार्य करने वालों को प्रोत्साहित भी किया जाएगा। इसके अलावा ब्याज की छूट को ध्यान में रखते हुए प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाने के लिए एक की बजाय 4 कैश काउंटर होंगे। जबकि बिल की कॉपी निकलवाने के लिए 2 काउंटर होंगे। शहरवासियों को किसी प्रकार कोई समस्या न हो इसके लिए बैठने के लिए उचित व्यवस्था और पीने के लिए जल की व्यवस्था की जाएंगी।

### सट्टा खाईवाली करता युवक लाखों की नकदी सहित धरा

**नारनौंद।** सीआईए पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए अनाज मंडी में सट्टा खाईवाली कर रहे एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से सट्टा पर्चियां और लाखों रुपये की नकदी बरामद की है। पुलिस गहनता से जांच कर रही है। मुख्य सिपाही मनोज ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान नारनौंद खांडा मोड़ पर मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि अनाज मंडी में एक युवक अवैध रूप से सट्टा खाईवाली का कार्य कर रहा है। लोगों से नकद रुपये लेकर सट्टा लगवा रहा है। पुलिस ने तुरंत रेडिंग पार्टी का गठन कर बताए गए स्थान पर दबिश दी गई। पुलिस ने मौके पर एक युवक को संदिग्ध गतिविधियां करते हुए काबू किया, जिसने पूछताछ में अपनी पहचान दीपक निवासी भैणी अमीरपुर के रूप में बताई। तलाशी लेने पर आरोपित युवक के कब्जे से सट्टा पर्चियां, एक बॉल पेन तथा एक लाख 17 हजार रुपये की नकदी बरामद हुई। पुलिस ने मौके पर बरामद सामान को कब्जे में लेकर उसके खिलाफ कार्रवाई की गई। जांच के दौरान पुलिस को आरोपित के कब्जे से सट्टा संबंधी लिखित रिकॉर्ड भी प्राप्त हुआ, जिसमें विभिन्न नंबरों पर लगाई गई रकम का हिसाब दर्ज था।



हिसार। सेक्टर-14 में किए गए अतिक्रमण को गिराती जेसीबी।

## एचएसवीपी टीम की अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई का विरोध

■ सेक्टर-14 में बुजुर्ग ने लगाया भेदभाव का आरोप, एसडीओ से बहस, कोर्ट में जाने की धमकी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

सेक्टर 14 में अतिक्रमण हटाने गई हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की टीम को मंगलवार को विरोध का सामना करना पड़ा। एक बुजुर्ग ने एचएसवीपी टीम पर कार्रवाई के नाम पर भेदभाव का आरोप लगाया। इस दौरान उस बुजुर्ग तथा एचएसवीपी के एसडीओ रामप्रसाद के साथ बहस भी हुई। बुजुर्ग ने एचएसवीपी के खिलाफ कोर्ट में जाने की धमकी भी दी। उधर, अतिक्रमण के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रही। टीम ने कोठियों के बाहर किए गए अतिक्रमण को पुलिस की मौजूदगी में जेसीबी से ध्वस्त कर दिया।

जानकारी के अनुसार हाईकोर्ट के आदेश पर मंगलवार को एचएसवीपी की टीम अतिक्रमण के खिलाफ सेक्टर-14 में कार्रवाई करने पहुंची। इस दौरान सेक्टरवासी एक बुजुर्ग ने एचएसवीपी टीम पर कार्रवाई में भेदभाव का आरोप लगाया। उसने कार्रवाई का विरोध करते हुए कहा कि मेरे मकान के बाहर तो टीम ने कार्रवाई की लेकिन पड़ोसी के यहां कोई कार्रवाई नहीं की। इस बात को लेकर बुजुर्ग और एचएसवीपी एसडीओ रामप्रसाद के बीच बहस भी हुई। एसडीओ ने कहा कि कहीं कोई भेदभाव नहीं है, जिसने भी अतिक्रमण किया है, उसे हर हाल में कार्रवाई की जाएगी। बुजुर्ग ने कार्रवाई के खिलाफ कोर्ट में जाने की भी चेतावनी दी।

### विरोध करते दुकानदार का वीडियो वायरल

एचएसपीवी टीम द्वारा सेक्टर-14 में अतिक्रमण के खिलाफ की जा रही कार्रवाई का एक वीडियो भी वायरल हुआ है। जिसमें सेक्टर-14 में एक दुकानदार हाथ में झाड़ू लेकर एसडीओ रामप्रसाद की तरफ दौड़ता दिखाई दे रही। आरोप है कि इस दौरान बुजुर्ग ने एचएसवीपी टीम के साथ गाली-गलौच भी किया। मौके पर मौजूद पुलिस टीम बुजुर्ग को अपने साथ गाड़ी में बैठकर पुलिस थाना ले गई। वायरल वीडियो सोमवार का बताया जा रहा है, जोकि आज वायरल हुआ।

### हाईकोर्ट के आदेश पर चल रही कार्रवाई

एचएसवीपी के एसडीओ रामप्रसाद ने बताया कि हाईकोर्ट के आदेश पर सेक्टरों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। हाईकोर्ट के साफ आदेश हैं कि रोड पूरी तरह क्लीयर होना चाहिए। इसी को लेकर हम अतिक्रमण पर कार्रवाई कर रहे हैं। आगे अभी सेक्टर 14, 14 पार्ट टू, सेक्टर 33, सेक्टर 1-4 सहित अन्य जगहों पर कार्रवाई जारी रहेगी। इसके बाद जहां अतिक्रमण हटा चुके हैं, वहां भी दोबारा जाकर चेक करेंगे।

### गेहूं चुराने का आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

**हिसार।** उकलाना पुलिस ने गांव दौलतपुर में गेहूं चोरी के मामले में आरोपी भूना निवासी सन्दीप गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरीशुदा गेहूं बरामद की है। उकलाना थाना प्रभारी कुलदीप ने बताया कि 9 मई को दौलतपुर निवासी जसमेर ने शिकायत देकर बताया था कि किसी व्यक्ति द्वारा उसके घर से गेहूं चोरी कर ली है। मामले की जांच के दौरान मुख्य सिपाही सुभाष द्वारा साइबर सेल व सीसीटीवी फुटेज की सहायता से आरोपी संदीप को गिरफ्तार किया गया है।

### ईंधन बचत और पर्यावरण संरक्षण का संदेश

## हकृवि कुलपति व अधिकारी पैदल पहुंचे दफ्तर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ईंधन की बचत तथा ऊर्जा संरक्षण को लेकर की गई अपील के उपरान्त एचएयू के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज सहित विश्वविद्यालय के अनेक अधिकारियों ने आज अपने आवास से कार्यालय तक पैदल पहुंचकर ईंधन बचत एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

प्रो. काम्बोज ने शिक्षकों, गैर शिक्षक कर्मचारियों और विद्यार्थियों से आह्वान करते हुए कहा कि वे ईंधन की बचत करने के लिए आगे आएं और वाहनों के स्थान पर साइकिल और पैदल चलने को प्राथमिकता दें। इसके तहत उन्होंने सार्वजनिक परिवहन के वाहनों का उपयोग करने पर जोर दिया है। वर्तमान समय में ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। अधिकारियों द्वारा पैदल कार्यालय पहुंचने की यह पहल न केवल ईंधन की बचत करेगी, बल्कि आमजन को भी स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करेगी। कुलपति ने कहा कि छोटी-छोटी आदतों में बदलाव लाकर देशहित में बड़ा योगदान दिया जा सकता है। उन्होंने विश्वविद्यालय परिवार एवं आम नागरिकों से भी अनावश्यक वाहन उपयोग कम करने तथा पर्यावरण संरक्षण में सहयोग देने की अपील की।

### पेट्रोल-डीजल वाहनों से बचने की सलाह दी

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने एक पत्र जारी कर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पेट्रोल-डीजल वाहनों से बचने की सलाह दी है। इसकी जगह इलेक्ट्रिक वाहनों, सार्वजनिक परिवहन या साइकिल को बढ़ावा देने को कहा गया है। यदि पेट्रोल-डीजल गाड़ी लाना जरूरी हुआ, तो कार पुलिंग साझा करने को प्राथमिकता दें। साथ ही, अधिकारियों को अधिकतम बैठकों का आयोजन ऑनलाइन अथवा हाइब्रिड माध्यम से करने के लिए कहा गया है। विशेष रूप से प्रत्येक शुक्रवार को अधिकारियों एवं कर्मचारियों से साइकिल अथवा पैदल विश्वविद्यालय आने का अनुरोध किया गया है, ताकि ईंधन की बचत के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी समाज तक पहुंचाया जा सके।